न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीडूंगरगढ़

राजस्व अपील सं.04 / 2020
ऑनलाईन नंबर 2020 / 00132

निर्णय दिनांक :–22.09.2022

1. शिवलाल पुत्र चौथराम जाति सैनी निवासी रेवाड़ी रॉड कैलाश नगर, नारनौल तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा)
2. ममता पत्नी मनोहर जाति सैनी निवासी रेवाड़ी रोड़ कैलाश नगर, नारनौल तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा)
3. योगिता पत्नी विक्रम जाति सैनी निवासी रेवाड़ी रोड़ कैलाश नगर, नारनौल तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा)

"अपीलान्टस"

बनाम

1. सरपंच ग्राम पंचायत जोधासर पंचायत समिति, श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर
2. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार श्रीडूंगरगढ़

"रेस्पोडेन्टस"

उपस्थितिः–

1. श्री के.के.पुरोहित अभिभाषक अपीलान्ट्स
2. रेस्पोडेन्ट संख्या 1 के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही
3. रेस्पोडेन्ट संख्या 2 की ओर से पेरोकाराराज

अपील अन्तर्गत धारा 75 भू–राजस्व अधिनियम।

संक्षेप में तथ्य इस प्रकारा है कि रोही ग्राम जोधासर तहसील श्रीडूंगरगढ़ में खेताराम पुत्र गुलाराम जाति जाट निवासी सुडसर तहसील श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर से खातेदारी कृषि भूमि खेत खसरा नम्बर 1122 क्षेत्रफल 8.25 हैक्टेयर स्थित है। उपरोक्त कृषि भूमि में से अपीलान्ट संख्या 1 ने पश्चिमी तरफ से 2.75 हैक्टेयर अपीलान्ट संख्या 2 ने मध्य से 2.75 हैक्टेयर अपीलान्ट संख्या 3 ने पूर्वी तरफ से 2.75 हैक्टेयर खरीद की, जिसके विक्रयपत्र का पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय श्रीडूंगरगढ़ में दिनांक 28.06.2019 को निष्पादित करवाया गया तथा अपीलान्ट ने विक्रयधन की सम्पूर्ण प्रतिफल राशि जरिये चैक भुगतान कर दी। उपरोक्त कृषि भूमि का कब्जा काश्त विक्रेता खातेदार द्वारा अपीलान्टस को सौंप दिया गया था। यह है कि बाद विक्रय पत्र नामान्तरणकरण (म्यूटेशन) की कार्यवाही के तहत हल्का पटवारी जोधासर द्वारा दिनांक 30.01.2020 को नामान्तरणकरण रजिस्ट्रर में नामान्तरणकरण दर्ज कर अपीलान्ट संख्या 1 के नाम से खसरा नम्बर 1496 / 1122 तादादी 2.75 हैक्टेयर बारानी, अपीलान्ट संख्या 2 के नाम से खसरा नम्बर 1497 / 1122 तादादी 2.75 हैक्टेयर बारानी, अपीलान्ट संख्या 3 के नाम से खसरा नम्बर 1498 / 1122 तादादी 2.75 हैक्टेयर बारानी नामान्तरणकरण रजिस्ट्रर में दर्ज किया गया तथा भू–अभिलेख निरीक्षक द्वारा दिनांक 30.01.2020 को बिना किसी जांच बिना खातेदार के बयान विद्वेशपूर्ण भावना से ग्ररित होकर चैंको से भुगतान नही होने की दशा में विक्रयपत्र शुन्य माना जायेगा । चुकि भुगतान हो जाने सम्बधी कोई तथ्य अंकित नही है। अतः नामान्तरणकरण स्वीकृत किया जाना उचित नही है का नोट लगा दिया गया। यह है कि रेस्पोडेन्ट संख्या 1 [illegible] भू-अभिलेख निरिक्षक की जांच के आधार पर नामान्तरण संख्या 725 को दिनां[illegible] अस्वीकृत किया गया । जो विधि विरूद्ध है। यह है कि जैर [illegible] ग्राम पंचायत जोधासर [illegible] नामान्तरणकरण हल्का पटवारी से दिनांक 20.10.2020 [illegible] की जा रही है। अपील संख्या 725 की नकल दिनांक 20.10.2020 को ली जाकर [illegible] की जा रही है। न्यायलय के क्षेत्राधिकार में है तथा न्यायालय के निर्धारित [illegible] शुल्क पर पेश की जा रही है। यह है कि अपील समयावधि में पेश है ।

Divya

उपखण्ड अधिकारी
श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Divya
Date: 2022.10.21 16:10:03 IST
Reason: SelfAttested

अतः अपील अपीलान्टस पेश कर निवेदन किया गया है कि आदेश अधीनस्थ न्यायालय ग्राम पंचायत जोधासर के आदेश दिनांक 05.03.2020 नामान्तरणकरण संख्या 725 को खारिज कर रेसपोडेन्ट संख्या 02 को आदेश दिया जावे, कि उक्त नामान्तरणकरण (म्युटेशन) की जांच कर नामान्तरणकरण दर्ज किया जावे।

अपीलान्टस की उक्त अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर रेस्पोडेन्ट को जरिये नोटिस तलब किया गया। रेस्पोडेन्ट संख्या 1 बावजूद नोटिस तामिल अनुपस्थित रहने के कारण इनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। रेस्पोडेन्ट संख्या 2 को जवाब पेश करनें हेतु पर्याप्त अवसर प्रदान किये गये, परन्तु रेस्पोडेन्ट संख्या 2 द्वारा जवाब पेश नहीं करनें के कारण जवाब का अवसर बन्द किया गया। बहस सुनी गई। संक्षेप में अपील अपीलान्टस स्वीकार योग्य होने से स्वीकार की जाती है।

आदेश

रोही ग्राम जोधासर के इन्तकाल संख्या 725 दिनांक 05.03.2020 को निरस्त किया जाता है। तथा तहसीलदार श्रीडूंगरगढ को आदेश दिया जाता है कि मुताबिक विक्रय पत्रों की जांच कर नामान्तरणकरण दर्ज किया जावें। आदेश की प्रति तहसीलदार राजस्व श्रीडूंगरगढ को भेजकर आदेश की पालना सुनिश्चित करवाई जावें।

आदेश आज दिनांक 22.09.2022 को मेरे द्वारा टंकित करवाया जाकर मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया। पत्रावली बाद निर्णय दायरा रजिस्टर में से कम होकर दाखिल दफ्तर हों। आदेश सरे इजलास सुनाया गया।

Divya

(दिव्या)
उपखण्ड अधिकारी
श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

उपखण्ड अधिकारी श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Divya
Date: 2022.10.21 16:10:03 IST
Reason: SelfAttested